बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा Civil Appeal NO(S) 9482 of 2019 [@SLP (C) No. 12245 of 2017], डॉ॰ (मेजर) मीता सहाय बनाम बिहार राज्य एवं अन्य में दिनांक 17.12.2019 को पारित आदेश के अनुपालन में वि॰सं॰– 05/2015 के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अधीन दंत चिकित्सक (बेसिक ग्रेड) के पदों पर नियुक्ति हेतु सफल 10 उम्मीदवारों का परीक्षाफल

विज्ञापन सं॰ 05/2015 के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अधीन बिहार स्वास्थ्य सेवा के दंत चिकित्सक (बेसिक ग्रेड) के पदों पर नियुक्ति हेतु सफल उम्मीदवारों की अनुशंसा स्वास्थ्य विभाग, बिहार को प्रेषित की जा चुकी है।

विज्ञापन सं॰ 15/2014 के अधीन बेसिक ग्रेड के सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के कुछ अभ्यर्थियों द्वारा मूल आवेदन के साथ बिहार राज्य की परिसीमा में केन्द्र सरकार के अधीनस्थ संचालित अस्पतालों में प्राप्त अनुभव सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न कर उसके आधार पर अंक का दावा किया गया था, परंतु चिकित्सा नियमावली में ऐसे अनुभव के लिए प्रावधान नहीं होने के आलोक में अंक आवंटित नहीं किये गये थे। वैसे ही अनुभव धारित करने वाली एक उम्मीदवार, डॉ॰ (मेजर) मीता सहाय द्वारा अनुभव के लिए अंक का दावा करते हुए माननीय उच्च न्यायालय, पटना में CWJC No. 7323/2015 दायर किया गया था जिसे माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 22.08.2016 को पारित आदेश द्वारा खारिज कर दिया गया था। उक्त न्यायादेश के विरूद्ध डॉ॰ (मेजर) मीता सहाय द्वारा LPA No. 1860/2016 दायर किया गया था जिसे भी माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 24.11.2016 को पारित आदेश द्वारा खारिज कर दिया गया था।

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा LPA No. 1860/2016 में दिनांक 24.11.2016 को पारित आदेश के विरूद्ध डॉ॰ (मेजर) मीता सहाय द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर Civil Appeal NO(S) 9482 of 2019 [@SLP (C) No. 12245 of 2017] में माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 17.12.2019 को बिहार राज्य की परिसीमा में केन्द्र सरकार के अधीनस्थ संचालित अस्पतालों में अनुभव प्राप्त साक्षात्कार में शामिल उम्मीदवारों को वैसे अनुभव का लाभ प्रदान करने का आदेश पारित करते हुए वाद को Allow किया गया था। तदालोक में विज्ञापन सं॰ 15/2014 में वैसे अनुभव धारित करनेवाले 03 उम्मीदवारों का परीक्षाफल दिनांक 29.12.2021 को प्रकाशित किया गया था।

स्वास्थ्य विभाग, बिहार द्वारा विज्ञापन सं॰ 15/2014 से सम्बन्धित इस वाद में पारित न्यायादेश को विज्ञापन सं॰ – 05/2015 के लिए भी लागू करने की सहमति दी गयी है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में वैसे अनुभव का दावा करनेवाले उम्मीदवारों से अपना अनुभव प्रमाण पत्र आयोग कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 14.11.2022 को सूचना प्रकाशित की गयी। तदालोक में उम्मीदवारों से प्राप्त कागजातों के समीक्षोपरान्त कुल 12 उम्मीदवारों द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्रों को मान्य किया गया है। दिनांक 19.01.2024 को उक्त 12 उम्मीदवारों से पूर्व में आयोजित साक्षात्कार में शामिल हो चुके 07 उम्मीदवारों का दस्तावेज सत्यापन किया गया तथा शेष 05 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया।

उक्त 12 उम्मीदवारों को बिहार राज्य की परिसीमा में केन्द्र सरकार के अधीनस्थ संचालित अस्पतालों में प्राप्त अनुभव के लिए अंक जोड़े जाने के पश्चात 10 उम्मीदवारों के प्राप्तांक उनकी कोटि के कट–ऑफ अंक से अधिक पाये जाने के आलोक में वे चयन योग्य पाये गये हैं।

तदालोक में आयोग, उक्त 10 उम्मीदवारों को वि॰सं॰ 05/2015 के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अधीन बिहार स्वास्थ्य सेवा के दंत चिकित्सक (बेसिक ग्रेड) के पदों पर नियुक्ति हेतु सफल घोषित करता है, जिनकी सूची निम्न प्रकार है:–

Sl. No.	Roll No.	Name	Selected in Category
1.	500237	AMRESH KUMAR	Unreserved
2.	501022	KUMAR GAURAV DUBEY	Unreserved
3.	501087	BIRENDRA PRASAD GUPTA	Unreserved
4.	501136	PRAVIN PRASAD	Unreserved
5.	501361	PRASHANT SINGH	Unreserved
6.	501979	JYOTI PRAKASH	Unreserved
7.	503302	SHILPI VERMA	Unreserved
8.	504857	AISHWARYA SAXENA	Unreserved
9.	501711	KAMAL KISHOR	EBC
10.	505322	KUMAR MANISH	BC

12/6/2024

तिथि: 12 जून, 2024

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना